## धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़, बर्तनों के साथ सोना-चांदी की बिक्री

**गाडरवारा देशबन्धु।** धनतेरस के मौके पर नगर के बाजारों में धन और भीड़ दोनों देखने को मिल रही है। धनतेरस पर आभूषणों के साथ-साथ नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। इसी के चलते बाजारों में खूब रौनक रही। धनतेरस के दो दिन बाद दीपावली का पर्व है। त्योहारी सीजन पर चंडीगढ़ के बाजारों में खरीदारी के लिए खासी भीड़ उमड़ रही है। धनतेरस के मौके पर सर्राफा बाजार में खूब रौनक लगी हुई है। सर्राफा कारोबारियों के मुताबिक इस बार सोने-चांदी का अच्छा कारोबार रहा।



दुकानदारों लोगों का कहना है कि ग्राहक खुलकर खर्च कर रहा है। दशहरा, करवाचौथ के बाद अब धनतेरस के बाजार अच्छा रहा है। लोगों ने वाहन, जेवर और अन्य सामान की प्री बुकिंग भी करवाई थी। धनतेरस की पूर्व संध्या पर सोमवार को नगर के बाजार जगमगा रहे थे। अन्य दिनों की अपेक्षा बाजारों में चहल-पहल भी ज्यादा थी। धनतेरस पर लोग सोने, चांदी की जमकर खरीदारी करते हैं। ज्वेलरी की दुकानों पर भगवान लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की मांग काफी ज्यादा है। इसके अलावा लोग सोने चांदी के सिक्कों की काफी ज्यादा खरीदारी करते हैं। दुकानदारों के अनुसार यह मूर्तियां शत-प्रतिशत शुद्ध सोने चांदी से बनाई गई हैं। बाजार में चांदी की मूर्तियां एक हजार रुपये से शुरु है। चांदी के सिक्के पांच सौ रुपये से शुरू हैं।

**सभी जगह पुलिस भी अलर्ट-** दुकान के बाहर टेंट लगाकर सजाए सामान को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। व्यापारियों का कहना है कि धनतेरस पर आज देर रात तक बाजार खुला रहेगा। उधर पुलिस भी अलर्ट है। किसी भी तरह की घटनाओं से निपटने के लिए सिविल ड्रेस के अलावा वर्दी में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती रहेगी। नगर में ग्राहकों की रौनक देखने को मिल रही है। दुकानदारों ने खरीदारी करने पर अलग-अलग गिफ्ट की स्कीम निकाली हैं। इसके अलावा कई दुकानों पर आकर्षण ऑफर के साथ लक्की ड्रॉ भी निकाले जा रहे हैं।

**सजावटी सामान की हो रही बिक्री-** नगर में फुटपाथ पर घरों को सजाने का सामान बिक रहा है। लोग घर की सजावट के लिए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। घर को सजाने के लिए अलग-अलग तरह की लाइटें बाजार में मिल रहीं हैं। लकड़ी से लेकर मिट्टी के सामानों की खरीदारी भी लोग कर रहे हैं। एक दुकानदार ने बताया कि लोग फ्लावर पॉट और प्लास्टिक के आर्टिफिशियल फूल खरीदना ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

## विद्यार्थियों ने बनाये एवं सजाये मिट्टी के दीपक

**गाडरवारा देशबन्धु।** गत दिवस समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला की बालसभा मे दीपावली त्यौहार के संदर्भ मे दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं ने मिट्टी से दीपक बनाकर उनको आकर्षक ढंग से सजाकर उनका प्रदर्शन किया एवं अन्य छात्र छात्राओं को दीपक बनाने एवं सजाने की प्रक्रिया समझाई। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने कहा कि बालसभा के माध्यम से छात्र छात्राओं को नए नवाचारो से जोड़कर उनके लिए बेहतर करना ही हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम मे प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव,अतिथि शिक्षक रानू यादव सहित छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

## सर्टिफिकेट कोर्स हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में आई. आई. टी. दिल्ली के सहयोग से संचालित 2 सर्टिफिकेट कोर्स आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व फिनटेक विथ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का संचालन होगा।

प्राचार्य डॉ. सतीश दुबे ने बताया कि प्रत्येक कोर्स की 8-8 सीटें उपलब्ध रहेंगी। कोर्स नि:शुल्क रहेगें, चयनित विद्यार्थियों से राशि 1000 (एक हजार रूपये) सुरक्षा निधि के रूप में ऑनलाईन जमा करायी जावेगी, जो पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर वापिस हो जायेगी। इन कोर्सो की चयन प्रक्रिया ऑफलाईन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से की जायेगी, जो 5 नवम्बर 2024 को प्रात: 11 बजे से 12 बजे तक महाविद्यालय में होगी। विद्यार्थियों के लिए परीक्षा कक्ष में प्रवेश का समय 10:30 बजे होगा। इन कोर्सो की प्रवेश परीक्षा में वैकल्पिक प्रश्न रहेगें, जिनमें विद्यार्थी नीले डॉट पेन से टिक का चिन्ह लगायेगें। मूल्यांकन पश्चात प्रावीण्य सूची कानिर्माण एवं प्रकाशन 7 नवम्बर को किया जावेगा, साथ ही चयनित विद्यार्थियों का पोर्टल में पंजीयन किया जावेगा। इस महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक स्तर के इच्छुक विद्यार्थी जो इन कोर्सो में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे नोडल अधिकारी अजीत कुमार राय सहायक प्राध्यापक वाणिज्य से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सार-समाचार

## मंहगाई भत्ते की घोषणा पर जताई खुशी

**गाडरवारा देशबन्धु।** प्रदेश के कर्मचारियों को 4 फीसदी मंहगाई भत्ता देने एवं दीपावली पूर्व वेतन भुगतान के लिए प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ ने खुशी जताई है। संघ के जिला अध्यक्ष मधुसूदन पटैल ने कहा कि 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का लाभ मिलने एवं दीपावली पूर्व वेतन प्राप्त होने से कर्मचारियों को प्रदेश सरकार ने दीपावली की खुशियां दी है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के कर्मचारियों को लाभ हुआ हे। संघ ने प्रदेश सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शेष 3 प्रतिशत डीए की घोषणा जल्द किये जाने का आग्रह किया है।

## मप्र स्थापना दिवस समारोह के नोडल अधिकारी नियुक्त

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक के परिपेक्ष्य में सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार 30 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश व रूपरेखा जारी की है। शासन से जारी निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिला स्तर पर समारोह के सफल एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर दलीप कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रम के संबंध में आवश्यकतानुसार अधिकारी/ कर्मचारी के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा आदेश जारी किये जावेंगे।

## मिट्टी के दीये बनाकर बेचने वाले कुम्हारों से नहीं की जायेगी कर वसूली

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** दीपावली पर्व के अवसर पर जिले के ग्रामीणों एवं कुम्हारों द्वारा मिट्टी के दिये बनाये जाते हैं और इन्हें दीपावली के त्यौहार पर विक्रय के लिए बाजारों व हॉटों में लाया जाता है। इस पर अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मिट्टी के दिये विक्रय के लिए आने वाले इन ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाये। इसके अलावा नगर पालिका/ नगर पंचायत क्षेत्र में इनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली न ली जाये। मिट्टी के दिये पर्यावरण की दृष्टि से भी उपयुक्त होने के कारण आमजन को इनके उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाये। इस आदेश का जिले में पालन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं।

## जनसुनवाई में आये 44 आवेदन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 29 अक्टूबर को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह व अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी, आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये।

## मतदाता सूची का हुआ प्रारुप प्रकाशन

**अनूपपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिये विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ी गतिविधियों के तय कार्यक्रम के अनुसार एग्जाई प्रारूप में मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन मंगलवारए 29 अक्टूबर 2024 को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया तथा मतदाता सूची वितरित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि दावे.आपत्तियां 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक प्राप्त की जायेंगी। पुनरीक्षण के संबंध में 9 एवं 10 नवम्बर तथा 16 एवं 17 नवम्बर को विशेष कैम्प आयोजित किये जायेंगे। प्राप्त दावे.आपत्तियों का निराकरण 24 दिसम्बर तक किया जायेगा। एक जनवरी 2025 तक मतदाता सूची के डाटाबेस को अपडेट कर परिशिष्टों का मुद्रण किया जायेगा। इसके बाद 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। एक जनवरी 2025 को 18 साल की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने करें आवेदन जो युवा 01 जनवरी 2025 को 18 साल की आयु पूरी कर रहे हैंए वे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं।

## 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के संबंध में कंट्रोल रूम समिति का गठन

**गाडरवारा देशबन्धु।** राज्य शासन के लोक शिक्षण संचालनालय भापोल द्वारा 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में राज्य स्तरीय 68 वीं शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रूद्र मैदान गाडरवारा में 3 से 6 नवम्बर तक किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर के सभी संभागों के प्रतिभागी खिलाड़ी एवं ऑफीशियल्स भाग लेंगे। इस संबंध में कलेक्टर शीतला पटले ने कंट्रोल रूम समिति का गठन किया है।

जारी आदेश के अनुसार कंट्रोल रूम शासकीय आदर्श उमावि गाडरवारा के कार्यालय में स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के लिए प्राचार्य शास. आदर्श उमावि गाडरवारा एसके मिश्रा को नोडल अधिकारी व प्रभारी प्राचार्य शास. हाई स्कूल डुंगरिया देवेन्द्र पगारे को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी प्राचार्य मिश्रा का मोबाइल नम्बर 7000229349 और सहायक नोडल अधिकारी प्रभारी प्राचार्य पगारे का मोबाइल नम्बर 9826817478 है। इसके अलावा अन्य कर्मचारियों की भी ड्यूटी निश्चित समय के लिए लगाई गई है।

कंट्रोल रूम में प्रात: 8 बजे से शाम 4 बजे तक सह प्रभारी के रूप में प्रभारी प्राचार्य शासकीय उमावि पलोहाबड़ा जीएल झरबड़े का मोबाइल नम्बर 9827257352, सदस्य के रूप में उच्चतर माध्यमिक शिक्षक सीएम राइज स्कूल चीचली भूपेश ठाकुर का मोबाइल नम्बर 9826665428 और सहयोगी के रूप में भृत्य शासकीय आदर्श उमावि गाडरवारा मनोज वर्मा का मोबाइल नम्बर 8989905309, की ड्यूटी लगाई गई है।

इसी तरह कंट्रोल रूम में शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक सह प्रभारी के रूप में प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल भटेरा एके गुबरेले का मोबाइल नम्बर 889972250 व सदस्य के रूप में उच्चतर माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल कठोतिया उत्तम वर्मा का मोबाइल नम्बर 8839442563 और सहयोगी के रूप में भृत्य शासकीय आदर्श उमावि गाडरवारा शिवम साहू मोबाइल नम्बर 7000296535, की ड्यूटी लगाई गई है।

## अभियंताओं का राज्य इकाई में चयन होने पर बधाई




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विगत दिनों सम्पंन हुए इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर मध्य प्रदेश राज्य कार्यकारिणी समिति 2024 - 26 के चुनाव का परिणाम घोषित हुआ।

जबलपुर लोकल सेन्टर के अभियंताओं का राज्य इकाई के लिए निर्वाचन हुआ। जिनमें इंजी. मनीष बाजपेई,इंजी. तरुण कुमार आनंद, इंजी. इन्द्र कुमार खन्ना, डाक्टर मुक्ता भटेले, इंजी. एम के रघुवंशी,इंजी. पी एस बुन्देला जबलपुर से काउन्सिल मेम्बर राकेश राठौर,राज्य के अध्यक्ष राजेश बिसारिया, सचिव मुकेश मिश्रा, जबलपुर सेन्टर के अध्यक्ष संजय मेहता, सचिव राजीव जैन, पूर्व अध्यक्ष सर्वश्री पी सी दुबे, सुनील कोठरी,राजेश बरडिया,रुद्रेश तिवारी एवं अन्य वरिष्ठ अभियंताओं ने निर्वाचित अभियंताओं को हार्दिक बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि वरिष्ठ अभियंताओं का निर्वाचित होना जबलपुर एवं मध्य प्रदेश के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## पुलिस कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने पर पुलिस कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक लालमोहन दीवान को पुलिस अधीक्षक, श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर विदाई दी गई।

जिले में पदस्थ रहे के अधिकारी एवं कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस कार्यालय नरसिंहपुर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुये उप निरीक्षक श्री लालमोहन दीवान को पुलिस अधीक्षक, श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके साथ ही अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक श्री लालमोहन दीवान को फूल माला पहना कर विदाई दी। समारोह में उपस्थित अधिकारियों द्वारा उनकी सेवाओं और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु व स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

## धनतेरस पर जमकर हुई खरीदी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** धनतेरस पर लोगों ने पिछले साल की तुलना में इस साल जमकर खरीदी की। सभी दुकानों में खरीददारों की भारी भीड़ देखी गई। यह पिछले साल 7 करोड़ के मुकाबले इस साल लगभग 10 करोड़ रूपये के कारोबार की उम्मीद है। सोना-चांदी, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों पर भी महंगाई का काफी असर रहा बावजूद इसके लोगों ने त्यौहार के चलते जमकर खरीदी की।

**सोना-चांदी की चमक-** सोना-चांदी की बिक्री में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। इस साल नरसिंहपुर में लगभग 2 करोड़ रुपये का सोना-चांदी बिकने की उम्मीद है, जो पिछले साल के 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। सोने की कीमतों में वृद्धि के बावजूद, लोग सोना खरीदने के लिए उत्सुक देखे गए।

**इलेक्ट्रॉनिक्स का बाजार-** इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की बिक्री में भी इस साल 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। बावजूद इसके मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की मांग काफी रही। कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कई तरह के ऑफर दे रही है।



**बाजार में दिखी रौनक-** शहर के बाजारों में सुबह से ही रौनक दिखाई दी। सजावट की सामग्रियों से बाजार सज गए और लोग अपने घरों को नया लुक देने के लिए खरीदारी करते नजर आये। शहर के प्रमुख मार्गों पर स्थानीय व्यवसायियों के अलावा बाहरी व्यापारियों का भी डेरा लगा है। जो पर्व के मद्देनजर साज-सज्जा की सामग्री लेकर आए हैं। इनमें लखनऊ, छतरपुर और हरियाणा से आए व्यवसायी भी शामिल है जो हर साल दीपोत्सव पर्व की शुरुआत के 10-12 दिन पहले ही यहां आ जाते हैं। बाजारों में विभिन्न प्रकार की सजावट की सामग्री उपलब्ध है, जैसे कि दीये, झालर, लाइट्स, फूलों की मालाएं और अन्य सजावटी सामग्री। लोग अपने घरों को सजाने के लिए इन सामग्रियों की खरीदारी कर रहे हैं और अपने घरों को नया और आकर्षक लुक देने के लिए उत्साहित हैं। इस पर्व के अवसर पर शहर के व्यवसायियों को अच्छी बिक्री की उम्मीदें हैं और वे अपनी दुकानों को आकर्षक बनाने में जुटे हुए हैं।

**त्यौहारी बाजार में जमकर रही भीड़-** उल्लेखनीय है कि नगर में प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक बाजार भरा जाता है। जहां दूर-दूर से लोग खरीदी एवं विक्रय के लिए आते हैं। इस बाजार त्यौहारी बाजार होने पर बाजार में जमकर भीड़ देखी गई। लोगों ने त्यौहार पर्व मनाने अभी से खरीदी शुरू कर दी है। वहीं व्यापारियों का कहना है कि इस बार त्यौहार पर साप्ताहिक बाजार में अच्छी बिक्री की उम्मीद है।

## जिले के समस्त थानों एवं कार्यालयों में दिलायी गयी शपथ

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखडता और सुरक्षा को बनाएं रखने हेतु जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक, मृगाखी डेका द्वारा शपथ दिलायी गयी। उल्लेखनीय है कि लोह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाएं रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने एवं अपने देशवासियों के बीच संदेश फैलाने हेतु जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक, मृगाखी डेका द्वारा दिलायी गयी शपथ। जिला नरसिंहपुर के सभी एसडीओपी, कार्यालयों, रक्षित केन्द्र एवं अन्य शाखाओं के कार्यालयों में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलायी गयी है।




### नाम सुधार सूचना

मैं निकिश नेमा आत्मज राजेश नेमा उम्र 32 साल स्टेशन गंज तहसील व जिला नरसिंहपुर का निवासी हूं। यह कि मेरे ड्राईविंग लायसेंस में मेरा नाम नीकेश नेमा लिख गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम निकिश नेमा है। मेरे ड्राईविंग लायसेंस में नीकेश नेमा की जगह निकिश नेमा किया जाए। इस हेतु शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है।

- निकिश नेमा -


## वंश मुंबई में करेगा योग प्रदर्शन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कक्षा 9वीं नेहरू हाई स्कूल का छात्र एवं नरेन्द्र भंडारी का पुत्र वंश भंडारी अंतर शालेय प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर अब मप्र टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। मुंबई में आयोजित योग अंतर राज्यीय अंडर 17 वर्ष की प्रतियोगिता में वंश के चयनित होने पर हर्ष व्याप्त है। अति सामान्य परिवार से आने वाले इस बालक ने पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। योग जगत के अनेक लोगों ने उसे बधाईयां दी हैं।




### मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए